# सिद्धक्षेत्रों की अर्घ्यावली
# Sid'dhakṣētrōṁ Kī Arghyāvalī

कविश्री द्यानतराय

Kaviśrī Dyānatarāya

राज्यों के क्रम से (Rajyōn ke kram se)

## *(कैलास,* Kailāsa)

### (१) श्री अष्टापद सिद्धक्षेत्र (हिमालय पर्वत, कैलास)

जलादिक आठों द्रव्य लेय, भरि स्वर्णथार अर्घहि करेय |

जिन आदि मोक्ष कैलाश-थान, मुन्यादि-पाद जजुँ जोरि पान ||

*ॐ ह्रीं श्री कैलाशपर्वत-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

### (1) Srī Aṣṭāpada Sid'dhakṣētra (Himālaya Parvata Kailāsa)

Jalādika āṭhōṁ dravya lēya, bhari svarṇathāra arghahi karēya |

Jina ādi mōkṣa kailāśa-thāna, mun'yādi-pāda jajum̐ jōri pāna ||

*Ōm hreen śrī kailāśaparvata-sid'dhakṣētrāya anarghyapada-prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*

## (झारखंड, Jhārakhaṇḍa)

### (२) सम्मेद-शिखर सिद्धक्षेत्र (झारखंड)

जल गंधाक्षत पुष्प सु नेवज लीजिये |

दीप धूप फल लेकर अर्घ सु दीजिये ||

पूजूं शिखर-सम्मेद सु-मन-वच-काय जी |

नरकादिक-दु:ख टरें अचल-पद पाय जी ||

*ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

### (2) Sam'mēda-Sikhara Sid'dhakṣētra (Jhārakhaṇḍa)

Jala gandhākṣata puṣpa su nēvaja lījiyē |

Dīpa dhūpa phala lēkara argha su dījiyē ||

Pūjuṁ śikhara-sam'mēda su-mana-vaca-kāya jī |

Narakādika-du:Kha ṭarēṁ acala-pada pāya jī ||

*Ōm hreen śrī sam'mēdaśikhara- sid'dhakṣētrāya anarghyapada -prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā /*


All copyrights reserved © 2Alotus

## *(गुजरात,* Gujarāta*)*

### (३) गिरनार सिद्धक्षेत्र (गुजरात)

अष्ट-द्रव्य को अर्घ्य संजोयो, घंटा-नाद बजाई |
गीत-नृत्य कर जजूं 'जवाहर' आनंद-हर्ष बधाई ||
जम्बूद्वीप भरत-आरज में, सोरठ-देश सुहाई |
शेषावन के निकट अचल तहँ, नेमिनाथ शिव पाई ||

*ॐ ह्रीं श्री गिरनार- सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

### (3) Giranāra Sid'dhakṣētra (Gujarāta)

Aṣṭa-dravya kō arghya sañjōyō, ghaṇṭā-nāda bajāi |
Gīta-nr̥tya kara jajuṁ 'javāhara' ānanda-harṣa badhāi ||
Jambūdvīpa bharata-āraja mēṁ, sōraṭha-dēśa suhāi |
Śēṣāvana kē nikaṭa acala tahaṁ̐, nēminātha śiva pāi ||

*Ōm hreen śrī giranāra- sid'dhakṣētrāya anarghyapada -prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*

### *(४)* श्री शत्रुंजय-सिद्धक्षेत्र (गुजरात)

वसु-द्रव्य मिलाई, थार भराई, सन्मुख आई नजर करूं |
तुम शिव सुखदाई, धर्म बढ़ाई, हर दु:खादिक अर्घ करूं ||
पांडव शुभ तीनं, सिद्धि लहीनं, आठ कोड़ि मुनि मुक्ति गये |
श्री शत्रुंजय पूजूं, सन्मुख हूजो, शांतिनाथ शुभ मूल नये ||

*ॐ ह्रीं श्री शत्रुंजय-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

### (4) Śrī Satruñjaya-Sid'dhakṣētra (Gujarāta)

Vasu-dravya milāi, thāra bharāi, sanmukha āi najara karūṁ |
Tuma śiva sukhadāi, dharma baṛhāi, hara du:Khadik argha karūṁ ||
Pāṇḍava śubha tīnaṁ, sid'dhi lahīnaṁ, āṭha kōṛi muni mukti gayē |
Śrī śatruñjaya pūjuṁ, sanmukha hūjō, śāntinātha śubha mūla nayē ||

*Ōm hreen śrī śatruñjaya-sid'dhakṣētrāya anarghyapada-prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*


All copyrights reserved © 2Alotus

<u>(५) पावागढ़-सिद्धक्षेत्र (गुजरात)</u>

वसु-द्रव्य मिलाई भविजन भाई, धर्म सुहाई अर्घ करूँ |

पूजा को गाऊँ हर्ष बढ़ाऊँ, खूब नचाऊँ प्रेम भरूँ ||

पावागिरि-वंदूँ मन-आनंदूं, भवदु:ख खंदूं चितधारी |

मुनि पाँच जु कोड़ं भवदु:ख छोड़ं, शिवमग जोड़ं सुख भारी ||

*ॐ ह्रीं श्री पावागढ़-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

<u>(5) Pāvāgaṛha-Sid'dhakṣētra (Gujarāta)</u>

Vasu-dravya milāi bhavijana bhāi, dharma suhāi argha karūm̐ |

Pūjā kō gā'ūm̐ harṣa baṛhā'ūm̐, khūba nacā'ūm̐ prēma bharūm̐ ||

Pāvāgiri-vanduṁ mana-ānanduṁ, bhavadu:Kha khanduṁ citadhārī |

Muni pām̐ca ju kōṛaṁ bhavadu:Kha chōṛaṁ, śivamaga jōṛaṁ sukha bhārī ||

*Ōm hreen śrī pāvāgaṛha-sid'dhakṣētrāya anarghyapada -prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*

<u>(६)तारंगागिरि-सिद्धक्षेत्र (गुजरात)</u>

शुचि आठों द्रव्य मिलाय तिनको अर्घ करूं |

मन-वच-तन देहु चढ़ाय भव तर मोक्ष वरूं ||

श्री तारंगागिरि से जान, वरदत्तादि मुनी |

त्रय-अर्ध-कोटि परमान ध्याऊँ मोक्ष-धनी ||

*ॐ ह्रीं श्री तारंगागिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

<u>(6) Tāraṅgāgiri-Sid'dhakṣētra (Gujarāta)</u>

Suci āṭhōṁ dravya milāya tinakō argha karuṁ |

Mana-vaca-tana dēhu caṛhāya bhava tara mōkṣa varuṁ ||

Śrī tāraṅgāgiri sē jāna, varadattādi munī |

Traya-ardha-kōṭi paramāna dhyā'ūm̐ mōkṣa-dhanī ||

*Ōm hreen śrī tāraṅgāgiri-sid'dhakṣētrāya anarghyapada -prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*


All copyrights reserved © 2Alotus

## (बिहार, Bihāra)

### (७) श्री चम्पापुर सिद्धक्षेत्र (बिहार)

जल-फल वसु-द्रव्य मिलाय, ले भर हिम-थारी |
वसु-अंग धरा पर ल्याय, प्रमुदित चितधारी ||
श्री वासुपूज्य जिनराय, निर्वृति-थान प्रिया |
चंपापुर-थल सुखदाय, पूजूं हर्ष हिया ||

*ॐ ह्रीं श्री चम्पापुर- सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |*

### (7) Śrī Campāpura Sid'dhakṣētra (Bihāra)

Jala-phala vasu-dravya milāya, le bhara hima-thārī |
Vasu-aṅga dharā para lyāya, pramudita citadhārī ||
Śrī vāsupūjya jinarāya, nirvr̥ti-thāna priyā |
Campāpura-thala sukhadāya, pūjuṁ harṣa hiyā ||

*Ōm hreen śrī campāpura- sid'dhakṣētrāya anarghyaPada-prāptayē arghyam nirvapāmīti svāhā |*

### (८) श्री पावापुरी सिद्धक्षेत्र (बिहार)

जल गंध आदि मिलाय वसुविध थार-स्वर्ण भराय के |
मन प्रमुद-भाव उपाय कर ले आय अर्घ्य बनाय के ||
वर पद्मवन भर पद्म-सरवर बहिर पावाग्राम ही |
शिवधाम सन्मति-स्वामी पायो, जजूं सो सुखदा मही ||

*ॐ ह्रीं श्री पावापुरी- सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |*

### (8) Śrī Pāvāpurī Sid'dhakṣētra (Bihāra)

Jala gandha ādi milāya vasuvidha thāra-svarṇa bharāya kē |
Mana pramuda-bhāva upāya kara lē āya arghya Banāya kē ||
Vara padmavana bhara padma-saravara bahira pāvāgrāma hī |
Śivadhāma sanmati-svāmī pāyō, jajuṁ sō sukhadā mahī ||

*Ōm hreen śrī pāvāpurī- sid'dhakṣētrāya anarghyāpada -prāptayē arghyam nirvapāmīti svāhā |*


All copyrights reserved © 2Alotus

## (९) श्री गौतम-गणधर निर्वाण-स्थली (गुणावा-बिहार)

जल-फल आदिक द्रव्य इकट्ठे लीजिये |
कंचन-थारी माँहि अरघ शुभ कीजिये ||
ग्राम-गुणावा जाय सु मन हर्षाय के |
गौतम-स्वामी-चरण जजो मन-लायके ||

*ॐ ह्रीं श्री गौतम-गणधर निर्वाण-स्थली गुणावा-सिद्धक्षेत्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

## (9)Śrī Gautama-Gaṇadhara Nirvāṇa-Sthalī (Guṇāvā-Bihāra)

Jala-phala ādika dravya ikaṭṭhē lījiyē |
Kañcana-thārī mām̐hi aragha śubha kījiyē ||
Grāma-guṇāvā jāya su mana harṣāya kē |
Gautama-svāmī-caraṇa jajō mana-lāya kē ||

*Ōm hreen śrī gautama-gaṇadhara nirvāṇa-sthalī guṇāvā-sid'dhakṣētrāya arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*

# *(मध्य प्रदेश, Madhya Pradesh)*

## (१०) *श्री सोनागिरि सिद्धक्षेत्र (मध्य प्रदेश)*

वसु-द्रव्य ले भर थाल-कंचन अर्घ दे सब अरि हनूँ |
'छोटे' चरण जिनराज लय हो शुद्ध निज-आत्म बनूँ ||
नंगाऽनंगादि-मुनीन्द्र जहँ तें मुक्ति-लक्ष्मीपति भये |
सो परम-गिरवर जजूँ वसु-विधि होत मंगल नित नये ||

*ॐ ह्रीं श्री सोनागिरि- सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

## (10) Śrī Sōnāgiri Sid'dhakṣētra (Madhya Pradesh)

Vasu-dravya lē bhara thāla-kañcana argha dē saba ari hanūm̐ |
'Chōṭē' caraṇa jinarāja laya hō śud'dha nija-ātma banūm̐ ||
Naṅgāhaṅgādi-munīndra jaham̐ ten mukti-lakṣmīpati bhayē |
Sō parama-giravara jajūm̐ vasu-vidhi hōta maṅgala nita nayē ||

*Ōm hreen śrī sōnāgiri- sid'dhakṣētrāya anarghya pada -prāptayē arghyaṅ nirvapāmīti svāhā |*


All copyrights reserved © 2Alotus

(११) श्री नयनागिरि (रेशंदीगिरि) सिद्धक्षेत्र (मध्य प्रदेश)

शुचि अमृत-आदि समग्र, सजि वसु-द्रव्य प्रिया |

धारूं त्रिजगत-पति-अग्र, धर वर-भक्त हिया ||

*ॐ ह्रीं श्री नयनागिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

(11) Śrī Nayanāgiri (Reśandīgiri) Sid'dhakṣētra (Madhya Pradesh)

Śuci amṛta-ādi samagra, saji vasu-dravya priyā |

Dhāruṁ trijagata-pati-agra, dhara vara-bhakta hiyā ||

*'Ōm hreen śrī nayanāgiri- sid'dhakṣētrāya anarghyhapada -prāptayē arghyam nirvapāmīti svāhā |*

(१२) श्री द्रोणगिरि सिद्धक्षेत्र (मध्य प्रदेश)

जल सु चंदन अक्षत लीजिये, पुष्प धर नैवेद्य गनीजिये |

दीप धूप सुफल बहु साजहीं, जिन चढ़ाय सुपातक भाजहीं ||

*ॐ ह्रीं श्री द्रोणगिरि- सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |*

(12) Śrī Drōṇagiri Sid'dhakṣētra (Madhya Pradesh)

Jala su candana akṣata līјiyē, puṣpa dhara naivēdya ganījiyē |

Dīpa dhūpa suphala bahu sājahīṁ, jina caṛhāya supātaka bhājahīṁ ||

*Ōm hreen śrī drōṇagiri- sid'dhakṣētrāya anarghyapada -prāptayē arghyam nirvapāmīti svāhā |*

(१३) सिद्धवरकूट सिद्धक्षेत्र (मध्य प्रदेश)

जल चंदन अक्षत लेय, सुमन महा प्यारी |

चरु दीप धूप फल सोय, अरघ करूं भारी ||

द्वय चक्री दस काम कुमार, भव तर मोक्ष गये |

ता तें पूजूं पद-सार, मन में हरष ठये ||

*ॐ ह्रीं श्री सिद्धवरकूट-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

(13) Sid'dhavarakūṭa Sid'dhakṣētra (Madhya Pradesh)

Jala candana akṣata lēya, sumana mahā pyārī |

Caru dīpa dhūpa phala sōya, aragha karauṁ bhārī ||

Dvaya cakrī dasa kāma kumāra, bhava tara mōkṣa gayē |

Tā tēṁ pūjuṁ pada-sāra, mana mēṁ haraṣa ṭhayē ||

*'Ōm hreen śrī sid'dhavarakūṭa-sid'dhakṣētrāya anarghyapada-prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*

(१४) चूलगिरि (बावनगजा) सिद्धक्षेत्र (मध्य प्रदेश)

सजि सौंज आठों होय ठाड़ा, हरष बाढ़ा कथन-बिन |

हे नाथ! भक्तिवश मिले जो, पुर न छूटे एक दिन ||

दशग्रीव-अंगज अनुज आदि, ऋषीश जहँ तें शिव लह्यो |

सो शैल बड़वानी-निकट, गिरि-चूल की पूजा ठह्यो ||


All copyrights reserved © 2Alotus

*ॐ ह्रीं श्री चूलगिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

## (14) Cūlagiri (Bāvanagajā) Sid'dhakṣētra (Madhya Pradesh)

Saji sauñja āṭhōṁ hōya ṭhāṛā, haraṣa bāṛhā kathana-bina |
Hē nātha! Bhaktivaśa milē jō, pura na chūṭē ēka dina ||
Daśagrīva-aṅgaja anuja ādi, ṛṣīśa jahamँ teṁ śiva lahyō |
Sō śaila baṛavānī-nikaṭa, giri-cūla kī pūjā ṭhahō ||

*Ōm hreen śrī cūlagiri-sid'dhakṣētrāya anarghyapada -prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*

## (१५) श्री मुक्तागिरि सिद्धक्षेत्र (मध्य प्रदेश)

जल-गंध आदिक द्रव्य लेके, अर्घ कर ले आवने |
लाय चरन चढ़ाओ भविजन, मोक्षफल को पावने ||
तीर्थ-मुक्तागिरि मनोहर, परम-पावन शुभ कह्यो |
कोटि साढ़े-तीन मुनिवर, जहाँ तें शिवपुर लह्यो ||

*ॐ ह्रीं श्री मुक्तागिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

## (15) Śrī Muktāgiri Sid'dhakṣētra (Madhya Pradesh)

Jala-gandha ādika dravya lēkē, argha kara lē āvanē |
Lāya carana caṛhāŌ bhavijana, mōkṣaphala kō pāvanē ||
Tīrtha-muktāgiri manōhara, parama-pāvana śubha kahyō |
Kōṭi sāṛhē-tīna munivara, jahāmँtaiṁ śivapura lahyō ||

*Ōm hreen śrī muktāgiri-sid'dhakṣētrāya anarghyapada -prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*

## (१६) रेवातट स्थित सिद्धोदय-सिद्धक्षेत्र,नेमावर (मध्य प्रदेश)

रेवानदी के तीर पर सिद्धोदय है क्षेत्र |
इसके दर्शन-मात्र से है खुलता सम्यक् नेत्र ||
रावण-सुत अरु सिद्ध मुनि साढ़े पाँच करोड़ |
ऐसे अनुपम-क्षेत्र को पूजूँ सदा कर जोड़ ||

*ॐ ह्रीं श्री रेवातट-स्थित सिद्धोदय-सिद्धक्षेत्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

## (16) Rēvātaṭa Sthita Sid'dhōdaya-Sid'dhakṣētra, Nēmāvara(Madhya Pradesh)

Rēvānadī kē tīra para sid'dhōdaya hai kṣētra |
Isakē darśana-mātra sē hai khulatā samyak nētra ||
Rāvaṇa-suta aru sid'dha muni sāṛhē pāmँca karōṛa |
Aisē anupama-kṣētra kō pūjūmँ sadā kara jōṛa ||

*Ōm hreen śrī rēvātaṭa-sthita sid'dhōdaya-sid'dhakṣētrāya arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*


All copyrights reserved © 2Alotus

*(१७)* (ऊन) पावागिरि-सिद्धक्षेत्र (मध्य प्रदेश)

जल-फल वसु-द्रव्य पुनीत, लेकर अर्घ करूँ |
नाचूँ गाऊँ इह भाँति, भव तर मोक्ष वरूँ ||
श्री पावागिरि से मुक्ति, मुनिवर चारि लही |
तिन इक क्रम से गिन, चैत्य पूजत सौख्य लही ||

*ॐ ह्रीं श्री पावागिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |*

(17) Pāvāgiri-Sid'dhakṣētra(Madhya Pradesh)

Jala-phala vasu-dravya punīta, lēkara argha karūm̐ |
Nācūm̐ gā'ūm̐ iha bhām̐ti, bhava tara mōkṣa varūm̐ ||
Śrī pāvāgiri sē mukti, munivara cāri lahī |
Tina ika krama sē gina, caitya pūjata saukhya lahī ||

*Ōm hreen śrī pāvāgiri-sid'dhakṣētrāya anarghyapada-prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*

## (महाराष्ट्र, Mahārāṣṭra)

(१८) श्री तुंगीगिरि सिद्धक्षेत्र (महाराष्ट्र)

जल-फलादि वसु दरव सजा के, हेम-पात्र भर लाऊँ |
मन-वच-काय नमूँ तुम चरना, बार-बार सिर नाऊँ ||
राम हनू सुग्रीव आदि जे, तुंगीगिर थिर-थाई |
कोड़ी निन्यानवे मुक्ति गये मुनि, पूजूँ मन-वच-काई ||

*ॐ ह्रीं श्री तुंगीगिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

(18) Śrī Tuṅgīgiri Sid'dhakṣētra (Mahārāṣṭra)

Jala-phalādi vasu darava sajā kē, hēma-pātra bhara lā'ūm̐ |
Mana-vaca-kāya namūm̐ tuma caranā, bāra-bāra sira nā'ūm̐ ||
Rāma hanū sugrīva ādi jē, tuṅgīgira thira-thāi |
Kōṛī nin'yānavē mukti gayē muni, pūjūm̐ mana-vaca-kāi ||

*Ōm hreen śrī tuṅgīgiri-sid'dhakṣētrāya anarghyapada -prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*


All copyrights reserved © 2Alotus

(१९) श्री कुंथलगिरि सिद्धक्षेत्र (महाराष्ट्र)

जल-फलादि वसु-दरव लेय थुति ठान के |
अर्घ धरूँ तुम पाप हरो हिय आन के |
पूजूं सिद्ध सु क्षेत्र, हिये हरषाय के |
कर मन-वच-तन शुद्ध, करम-वसु टार के ||

*ॐ ह्रीं श्री कुंथलगिरि-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

(19) Śrī Kunthalagiri Sid'dhakṣētra (Mahārāṣṭra)

Jala-phalādi vasu-darava lēya thuti ṭhāna kē |
Argha dharuṁ tuma pāpa harō hiya āna kē |
Pūjuṁ sid'dha su kṣētra, hiyē haraṣāya kē |
Kara mana-vaca-tana śud'dha, karama-vasu ṭāra kē ||

*Ōm hreen śrī kunthalagiri-sid'dhakṣētrāya anarghyapada -prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*

(२०) श्री गजपंथ-सिद्धक्षेत्र (महाराष्ट्र)

जल-फल आदि वसु-दरव अति-उत्तम, मणिमय-थाल भराई |
नाच-नाच गुण गाय-गायके, श्री जिन-चरण चढ़ाई ||
बलभद्र सात वसु-कोडि मुनीश्वर, यहाँ पर करम खिपाई |
केवल-लहि शिवधाम पधारे, जजूँ तिन्हें सिर-नाई ||

*ॐ ह्रीं श्री गजपंथ-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

(20) Śrī Gajapantha-Sid'dhakṣētra (Mahārāṣṭra)

Jala-phala ādi vasu-darava ati-uttama, maṇimaya-thāla bharāi |
Nāca-nāca guṇa gāya-gāyakē, śrī jina-caraṇa caṛhāi ||
Balabhadra sāta vasu-kōḍi munīśvara, yahām̐ para karama khipāi |
Kēvala-lahi śivadhāma padhārē, jajūm̐ tinhēṁ sira-nāi ||

*Ōm hreen śrī gajapantha-sid'dhakṣētrāya anarghyapada -prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*

## *(उड़ीसा,* Ōdīsā*)*

(२१) कोटिशिला-सिद्धक्षेत्र (उड़ीसा)

जल-फल वसु-दरव पुनीत, लेकर अर्घ करूँ |
नाचूँ गाऊँ इह भाँति, भवतर मोक्ष वरूँ ||
श्री कोटिशिला के माँहि, जशरथ-तनय कहे |
मुनि पंच-शतक शिवलीन, देश-कलिंग दहे ||

*ॐ ह्रीं श्री कोटिशिला-सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद -प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा |*


All copyrights reserved © 2Alotus

**(21) Kōṭiśilā-Sid'dhakṣētra (Ōḍīsā)**

Jala-phala vasu-darava punīta, lēkara argha karūm̐ |
Nācūm̐ gā'ūm̐ iha bhām̐ti, bhavatara mōkṣa varūm̐ ||
Śrī kōṭiśilā kē mām̐hi, jaśaratha-tanaya kahe |
Muni pañca-śataka śivalīna, dēśa-kaliṅga dahe ||

*Ōm hreen śrī kōṭiśilā-sid'dhakṣētrāya anarghyapada -prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā |*

## *(उत्तर प्रदेश, Uttar Pradesh)*

**(२२) जम्बू-स्वामी निर्वाण-स्थली चौरासी-मथुरा सिद्धक्षेत्र (उत्तर प्रदेश )**

जल-फल आदिक द्रव्य आठ हू लीजिये,
कर इकट्ठी भरि थाल अर्घ शुभ कीजिये |
मथुरा जम्बू-स्वामि मुक्ति-थल जाय के,
पूजो भवि धरि ध्यान सुयोग लगाय के ||

*ॐ ह्रीं श्री जम्बूस्वामी-निर्वाण-स्थली चौरासी-मथुरा सिद्धक्षेत्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।*

**(22) Jambū-Svāmī Nirvāṇa-Sthalī Caurāsī-Mathurā Sid'dhakṣētra (Uttar Pradesh)**

Jala-phala ādika dravya āṭha hū lījiyē,
Kara ikaṭṭhī bhari thāla argha śubha kījiyē |
Mathurā jambū-svāmi mukti-thala jāya kē,
Pūjō bhavi dhari dhyāna suyōga lagāya kē ||

*Ōm hreen śrī jambūsvāmī-nirvāṇa-sthalī caurāsī-mathurā sid'dhakṣētrāya arghyaṁ nirvapāmīti svāhā /*

* * * A* * *


All copyrights reserved © 2Alotus